तृतीय सत्र, 2003 की
कार्यसूची

उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 27 अग्रहायण, शक संवत्, 1925
**( दिनांक : 18 दिसम्बर, 2003 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. शुभारम्भ "वन्दे मातरम्" (देखिये नत्थी "क")।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी "ख")।

3. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी "ग")।

4. मुख्य मंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद -151 के खण्ड (2) के अधीन 31 मार्च, 2001 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन (सिविल) उत्तरांचल सरकार का शुद्धि पत्र सदन के पटल पर रखेंगे।

5. मुख्य मंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151 के खण्ड (2) के अधीन वित्तीय वर्ष 2001-2002 के विनियोग लेखे एवं वित्त लेखे उत्तरांचल सरकार का प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगे।

6. मुख्य मंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151 के खण्ड (2) के अधीन विनियोग लेखे एवं वित्त लेखे (9 नवम्बर, 2000 से 31 मार्च, 2001 तक) उत्तरांचल सरकार का प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगे।

7. मुख्य मंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151 के खण्ड (2) के अधीन वित्तीय वर्ष 2000-2001 के विनियोग लेखे उत्तर प्रदेश सरकार (1 अप्रैल, 2000 से 8 नवम्बर, 2000 तक) का प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगे।

8. मुख्य मंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-323 के खण्ड (2) के अधीन उत्त[illegible] लोक सेवा आयोग का प्रथम सामान्य वार्षिक प्रतिवेदन 2002 को सदन के पट[illegible] रखेंगे।

9. पंचायती राज मंत्री, उत्तरांचल पंचायत (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2003 को सदन के पटल पर रखेंगे।

10. राजस्व मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) अध्यादेश, 2003 को सदन के पटल पर रखेंगे।

11. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम, 1948) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2003 को सदन के पटल पर रखेंगे।

12. तकनीकी शिक्षा मंत्री, उत्तरांचल प्राविधिक शिक्षा परिषद् अध्यादेश, 2003 को सदन के पटल पर रखेंगे।

13. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल आकस्मिकता निधि अधिनियम (संशोधन) अध्यादेश, 2003 को सदन के पटल पर रखेंगे।

14. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-

(1) उत्तरांचल विनियोग विधेयक, 2003 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 जून, 2003 को पारित किया गया था, पर महामहिम श्री राज्यपाल की अनुमति दिनांक 26 जून, 2003 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तरांचल का वर्ष 2003 का तेरहवां अधिनियम बन गया।

(2) उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) विधेयक, 2003 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 जून, 2003 को पारित किया गया था, पर महामहिम श्री राज्यपाल की अनुमति दिनांक 26 जून, 2003 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तरांचल का वर्ष 2003 का चौदहवां अधिनियम बन गया।

(3) पैट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय विधेयक, 2003 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 जून, 2003 को पारित किया गया था, पर महामहिम श्री राज्यपाल की अनुमति दिनांक 2 जुलाई, 2003 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तरांचल का वर्ष 2003 का पन्द्रहवां अधिनियम बन गया।

(4) इक्फाई विश्वविद्यालय (इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड फाइनेन्शियल ऐनलिस्ट्स ऑफ इण्डिया यूनिवर्सिटी) विधेयक, 2003 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 जून, 2003 को पारित किया गया था, पर महामहिम श्री राज्यपाल की अनुमति दिनांक 2 जुलाई, 2003 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तरांचल का वर्ष 2003 का सोलहवां अधिनियम बन गया।

(5) हिमगिरी नभ विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी इन द स्काई) विधेयक, 2003 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 जून, 2003 को पारित किया गया था, पर महामहिम श्री राज्यपाल की अनुमति दिनांक 2 जुलाई, 2003 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तरांचल का वर्ष 2003 का सत्रहवां अधिनियम बन गया।

15. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

16. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोड़ी पाली के क्षतिग्रस्त भवन के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री हयात सिंह बिष्ट एवं अन्य निवासीगण, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

17. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ में जूनियर हाईस्कूल नैनी-सैनी उच्चीकरण कर हाईस्कूल बनाने के सम्बन्ध में" श्री उम्मेद सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ में रई - चटकेश्वर झील के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री तुलसा दत्त शर्मा एवं अन्य निवासीगण, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ के जूनियर हाईस्कूल हिमतड़ विकास खण्ड विण के उच्चीकरण के सम्बन्ध में" श्री लाल सिंह शास्त्री एवं अन्य निवासीगण, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

20. श्री कैलाश शर्मा, सदस्य, विधान सभा, "जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड लमगड़ा की पट्टी विशौद में राजकीय चिकित्सालय खुलवाने के सम्बन्ध में" श्री आनन्द सिंह फर्त्याल एवं अन्य निवासीगण, जनपद अल्मोड़ा द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

21. श्री सुरेश चन्द्र जैन, सदस्य, विधान सभा, "जनपद हरिद्वार, रुड़की में हवाई पट्टी बनाने के सम्बन्ध में" श्री शशि सैनी एवं अन्य निवासीगण, जनपद हरिद्वार द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

22. श्री सुरेश चन्द्र जैन, सदस्य, विधान सभा, "जनपद हरिद्वार, रुड़की में कृषि निर्यात जोन बनाये जाने के सम्बन्ध में" श्री आलोक गुप्ता एवं अन्य निवासीगण, जनपद हरिद्वार द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

23. श्री सुरेश चन्द्र जैन, सदस्य, विधान सभा, "जनपद हरिद्वार, रुड़की में नई मण्डी से पुराने हरिद्वार रोड (कलियर रोड) तक बाई पास बनाने के सम्बन्ध में" श्री संजय नागपाल एवं अन्य निवासीगण, जनपद हरिद्वार द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

...4/...

24. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड द्वारीखाल के अन्तर्गत स्थान सिलोगी में पम्पिंग पेयजल योजना के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री सुरमान सिंह भण्डारी एवं अन्य निवासीगण, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

25. श्री कैलाश शर्मा, सदस्य, विधान सभा, "जनपद अल्मोड़ा में कौसानी, भगतोला, कटारमल, दौलाघाट क्षेत्र में पेयजल के सम्बन्ध में" श्री गिरीश शर्मा एवं अन्य निवासीगण, जनपद अल्मोड़ा द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

26. श्री कैलाश शर्मा, सदस्य, विधान सभा, "जनपद अल्मोड़ा में रा०उ०मा० विद्यालय मुल्यूटा के उच्चीकरण के सम्बन्ध में" श्री जोगा राम आर्य एवं अन्य निवासीगण, जनपद अल्मोड़ा द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

27. श्री फूल सिंह बिष्ट, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल के बांध प्रभावित क्षेत्र से विकास खण्ड प्रताप नगर के आंशिक डूबक्षेत्र के ग्रामों को जोड़ते हुए मुंगराली से कंसाली तक 10 कि०मी० मोटर मार्ग का निर्माण कराने के सम्बन्ध में" श्री खेम सिंह रावत एवं अन्य निवासीगण, जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

28. श्री फूल सिंह बिष्ट, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल की ग्राम पंचायत कोटया में उप स्वास्थ्य केन्द्र खुलवाये जाने के सम्बन्ध में" श्री सैन सिंह पंवार एवं अन्य निवासीगण, जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

29. श्री फूल सिंह बिष्ट, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल के प्रताप नगर विधान सभा क्षेत्र मोटणा में ऐलोपैथिक औषधालय खुलवाये जाने के सम्बन्ध में" श्री खेम सिंह रावत एवं अन्य निवासीगण, जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

30. श्री फूल सिंह बिष्ट, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र प्रताप नगर में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री चैत सिंह बिष्ट एवं अन्य निवासीगण, जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

31. श्री फूल सिंह बिष्ट, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल के बांध झील के कारण पट्टी रैका के अतिसंवेदनशील ग्रामों का भू-वैज्ञानिकों द्वारा सर्वेक्षण कराने जाने के सम्बन्ध में" श्री खेम सिंह रावत एवं अन्य निवासीगण, जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

32. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड गंगोलीहाट स्थित पव्वाधार जूनियर हाईस्कूल का उच्चीकरण करने के सम्बन्ध में" श्री रणजीत राम एवं अन्य निवासीगण, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

...5/...

33. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोड़ी पाली का उच्चीकरण कर इण्टरमिडिएट की स्वीकृति दिये जाने के सम्बन्ध में" श्री हयात सिंह बिष्ट एवं अन्य निवासीगण, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

34. श्री कैलाश शर्मा, सदस्य, विधान सभा, "जनपद अल्मोड़ा धौलादेवी विकास खण्ड से 6 (छ) ग्राम सभाओं को लमगड़ा विकास खण्ड में मिलाने के सम्बन्ध में" श्री बालक सिंह कपकोटी एवं अन्य निवासीगण, जनपद अल्मोड़ा द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

35. श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत देवलथल तहसील के सृजन किये जाने के सम्बन्ध में" श्री कैहरी सिंह सामन्त एवं अन्य निवासीगण, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

36. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

37. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

38. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

39. सचिव, विधान सभा "संसद के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित संविधान (पचानवेवां संशोधन) विधेयक, 2003 की प्रति उक्त संविधान संशोधन विधेयक पर लोक सभा तथा राज्य सभा में हुए वाद-विवाद की प्रति सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

40. उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम-315 के खण्ड (23) के अन्तर्गत मा० अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"घ")

41. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल ऊर्जा विकास निधि विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

42. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल ऊर्जा विकास निधि विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करेंगे।

43. कृषि मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) अधिनियम, 1972) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002 (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

44. कृषि मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) अधिनियम, 1972) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002 (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करेंगे।

...6/...

45. पंचायती राज मंत्री, उत्तरांचल पंचायत (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

46. पंचायती राज मंत्री, उत्तरांचल पंचायत (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करेंगे।

47. तकनीकी शिक्षा मंत्री, उत्तरांचल प्राविधिक शिक्षा परिषद् विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

48. तकनीकी शिक्षा मंत्री, उत्तरांचल प्राविधिक शिक्षा परिषद् विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करेंगे।

49. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम, 1948) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

50. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम, 1948) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करेंगे।

51. पंचायती राज मंत्री, उत्तरांचल पंचायत (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

52. पंचायती राज मंत्री, उत्तरांचल पंचायत (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करेंगे।

53. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल आकस्मिकता निधि अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

54. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल आकस्मिकता निधि अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करेंगे।

55. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश आमोद और पणकर अधिनियम, 1979) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) (प्रथम संशोधन) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

56. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश आमोद और पणकर अधिनियम, 1979) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) (प्रथम संशोधन) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करेंगे।

57. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम, 1948) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

58. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम, 1948) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2002) (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करेंगे।

59. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एंव भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

60. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करेंगे।

61. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

**समय-अपराहन् 3 : 00 बजे**

62. मुख्य मंत्री वित्तीय वर्ष 2003-2004 के लिए प्रथम अनुपूरक अनुदान प्रस्तुत करेंगे।

63. श्री नारायण पाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत दिनांक 5 अप्रैल, 2003 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में थारू, बुक्सा, बंगाली व अन्य निर्बल, निर्धन वर्गो के उत्थान हेतु नीति बनाकर उसे लागू किया जाए।"

64. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत 16 दिसम्बर, 2003 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल राज्य के अर्न्तराष्ट्रीय सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए पृथक कार्य योजना बनाना अत्यावश्यक है।"

65. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादूनः**
**दिनांक : 18 दिसम्बर, 2003**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

उत्तरांचल विधान सभा

(क)

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शस्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र–ज्योत्सना–पुलकित–यामिनीम्

फुल्ल–कुसुमित–द्रुमदल–शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

तृतीय सत्र, 2003
का प्रथम गुरूवार

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 27 अग्रहायण, शक संवत्, 1925

(दिनांक : 18 दिसम्बर, 2003)

# नत्थी ( ख )

उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम 38 (2) के अन्तर्गत प्राथमिकता प्राप्त

## तारांकित स्थगित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>21.05.2003 | *1. क्या उद्यान मंत्री को जानकारी है कि उत्तरांचल के पर्वतीय क्षेत्रों में रेशम उत्पादन की अपार सम्भावनायें हैं? यदि हाँ, तो क्या पर्वतीय क्षेत्र मे रेशम उद्योग में ग्रामीणों की भागीदारी के लिए सरकार ने कोई नीति बनाई है? यदि हाँ, तो इसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>24.05.2003 | *2. क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के ग्राम प्रधानों से परिवार रजिस्टर व अन्य दस्तावेज रखने के अधिकार वापस ले लिये गये हैं? क्या जनता की असुविधा को ध्यान में रखा गया है? क्या प्रत्येक ग्रामसभा में सरकार एक-एक पंचायत मंत्री नियुक्त करने जा रही है? यदि हाँ तो कब तक? | पंचायती राज |

# नत्थी 'ग'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>01-09-2003 | *1. क्या शिक्षा मंत्री को जानकारी है कि वर्तमान में प्राथमिक बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा का पाठ्यक्रम बदला गया है? यदि हाँ तो पाठ्यक्रम बदले जाने के क्या कारण हैं? | शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>01-09-2003 | *2. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों की नियुक्ति मानक के आधार पर करने की सरकार की कोई कार्य योजना है? यदि हाँ तो कब तक उक्त योजना प्रदेश में लागू हो जायेगी? | शिक्षा |
| श्री प्रकाश पन्त<br>03-09-2003 | *3. क्या शिक्षा मंत्री बतायेगें कि शिक्षा विभाग के अपर निदेशक एन.सी.ई.आर.टी. ने पत्रांक 1763-79/पु0सं0/2003-04 दिनांक 16 जून, 2003 द्वारा सत्र 2003-04 हेतु कक्षा 9 से 12 तक की पाठ्य पुस्तकें क्रय करने हेतु समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देशित किया गया था। यदि हाँ तो किन-किन प्रकाशकों की पुस्तकें क्रय किये जाने की संस्तुति किस मानकानुसार की गयी? क्या प्रकाशकों के चयन में अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ तो शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गयी? यदि नहीं तो क्यों नहीं? | शिक्षा |
| श्री मदन कौशिक<br>06-09-2003 | *4. क्या ग्रामोद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने एवं बुनकरों के कल्याण हेतु सरकार द्वारा कोई कार्ययोजना बनायी गयी है? यदि हाँ तो उसकी रूपरेखा क्या है और योजना को कब तक कार्यान्वित किया जायेगा? यदि नहीं तो क्यों? | ग्रामोद्योग |
| श्री मालचन्द<br>11-09-2003 | *5. क्या उद्यान मंत्री भिज्ञ हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में यातायात की असुविधा एवं बरसात के समय काश्तकारों एवं उद्यानपतियों के नगदी एवं व्यापारिक फसलें जैसे, सेब, नाशपाती, बादाम, टमाटर आदि को मण्डी तक पहुँचाने में काफी समय लग जाता है जिसके कारण काश्तकारों एवं उद्यानपतियों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त समस्या के समाधान हेतु बड़कोट, नौगाँव, पुरोला, मोरी, आराकोट, इुन्डा, चिन्यालीसौड़ एवं उत्तरकाशी में शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) की स्थापना करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | उद्यान |

| | | |
|---|---|---|
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>11-09-2003<br>श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>16-09-2003 | *6. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2002-2003 में कितनी धनराशि के, कम्प्यूटर, प्रदेश के रा0 इण्टर कालेजों के लिए खरीदे गये तथा कम्प्यूटर शिक्षा हेतु कितने प्रशिक्षित शिक्षक नियुक्त किये गयें? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.09.2003 | *7. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ के प्राथमिक विद्यालय मोरगी व नौगाँव के प्राथमिक विद्यालय त्रिखली में 15.8.03 को ध्वजारोहण किया गया था? यदि नहीं, तो कार्यरत शिक्षकों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| काजी निजामुद्दीन<br>20.09.2003 | *8. क्या खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री बतायेंगे कि उत्तरांचल के वित्तीय वर्ष 2002-03 में खादी एवं ग्रामोद्योग की सहायता से कितने और कौन-कौन से उद्योग स्थापित हुए? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वित्तीय वर्ष 2003-04 के लिए विभाग द्वारा कितने नये उद्योग स्थापित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है? | ग्रामोद्योग |
| श्री अजय भट्ट<br>22.09.2003 | *9. क्या खाद्य मंत्री बतायेंगे कि उत्तरांचल में खाद्य पदार्थों में अपमिश्रण को रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है? क्या अपमिश्रण संबंधी खाद्य पदार्थों के नमूने लेने के लिए प्रत्येक विकास खण्ड में सक्षम अधिकारियों की पर्याप्त संख्या है? यदि हाँ, तो इसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | प्रथम सोम के तारा.प्र. 12 में स्था. |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>08-09-2003 | *10. क्या उद्यान मंत्री बतायेंगे कि उत्तरांचल में कितने कोल्ड स्टोर कृषकों की उपज को सुरक्षित रखने के लिए संचालित किये जा रहे हैं तथा जनपदवार इनकी संख्या कितनी है? क्या सरकार प्रदेश में और कोल्ड स्टोर खोलने पर विचार कर रही है? यदि हाँ तो इस दृष्टि से किन स्थानों का चयन अथवा सर्वेक्षण किया गया है? यदि नहीं तो क्यों? | उद्यान |
| श्री हरबंस कपूर<br>27.11.2003 | *11. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में एल.टी. शिक्षकों की नियुक्ति में हुई अनियमितताओं को लेकर कोई जाँच समिति गठित की गयी है? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि जाँच समिति ने अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दी है? यदि हाँ, तो क्या जाँच समिति द्वारा प्राप्त रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | शिक्षा |

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>01-09-2003<br>श्री बलबीर सिंह नेगी<br>15-09-2003 | 1. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विशिष्ट बी0टी0सी0 हेतु प्रत्येक जनपद को कितनी-कितनी सीटें दी गयी हैं? जनपदों में सीटों के आवंटन हेतु कोई नीति बनायी गयी है? यदि हां तो क्या? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री नारायण राम आर्य<br>02-09-2003 | 2. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रा0इ0कालेज, चहज तथा चौरपाल, जिला पिथौरागढ़ में प्रवक्ताओं तथा अध्यापकों के कुल कितने पद कब से रिक्त हैं? रिक्त पदों पर कब तक तैनाती कर दी जायेगी? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>02-09-2003 | 3 क्या उद्यान मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जड़ी-बूटी शोध संस्थान गोपेश्वर द्वारा जनपद रुद्रप्रयाग में किन-किन स्थानों पर जड़ी-बूटी उत्पादन का कार्य किया जा रहा है तथा कौन-कौन सी प्रजाति की पौध तैयार की जा रही है? क्या विभाग द्वारा किसानों को उत्पादन की जानकारी समय पर दी जा रही है? यदि नहीं तो क्यों? | उद्यान |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>02-09-2003 | 4. क्या शिक्षा मंत्री को जानकारी है कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जिला पौड़ी गढ़वाल में सन् 2000-2001 एवं 2001-2002 में विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित सभी विद्यालयों के भवन पूर्ण बन चुके है? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>02-09-2003 | 5. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जिला पौड़ी गढ़वाल के कितने राजकीय एवं कितने अशासकीय विद्यालयों में कम्प्यूटर लगाये गये हैं? क्या सभी विद्यालयों में कम्प्यूटर प्रशिक्षक रखे गये हैं? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री अनिल नौटियाल<br>02-09-2003 | 6. क्या शिक्षा मंत्री को जानकारी है कि उत्तरांचल के दूरस्थ पहाडी क्षेत्रों में स्थित अनेकों माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्यों के पद रिक्त हैं? क्या सरकार जनपद चमोली में रा0इ0कालेज बछुवाबाण, मेहलचोरी, कुनीगाड़, रोहिड़ा, सलिवाणा, देवलकोट, नैणी, सिदोली, केदारखाल एवं रा0उ0मा0विद्यालय घादियाल सलियाणा, गैरोली, चोरासैण, नैल विद्यालयों में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति कब तक सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री अजय भट्ट<br>02-09-2003 | 7. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि ''सर्व शिक्षा अभियान'' के अन्तर्गत स्वीकृतियां जारी करने के सरकार द्वारा क्या मापदण्ड अपनाये हैं? अल्मोड़ा जिले के अन्तर्गत ''सर्व शिक्षा अभियान'' के अन्तर्गत केन्द्र सरकार से आज तक कितनी धनराशि प्राप्त हो चुकी है? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पन्त<br>03-09-2003 | 8. क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद पिथौरागढ के कितने इण्टरमीडिएट तथा हाई स्कूल विद्यालयों में प्रधानाचार्यों के पद रिक्त हैं? क्या सरकार इस शैक्षणिक वर्ष में सभी विद्यालयों में प्रधानाचार्यों के रिक्त पदों पर नियुक्तियां करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>03-09-2003 | 9. क्या शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेगें कि शिक्षा विभाग में मृतक आश्रितों को नियोजित किए जाने हेतु आवेदन की समय सीमा 5 वर्ष कर दी गई है? यदि हाँ तो क्या सरकार 5 वर्ष की अवधि के भीतर आवेदन न कर पाने वाले मृतक आश्रितों को सेवा का अवसर नहीं देगी? यदि नहीं तो 5 वर्ष से अधिक के आश्रितों को रोजगार दिए जाने हेतु सरकार की कोई योजना है? | शिक्षा |
| श्री अजय भट्ट<br>03-09-2003 | 10. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट विद्यालयो में कुल कितने भवनहीन विद्यालय चल रहे हैं तथा जिलेवार इनकी संख्या कितनी है? क्या सरकार इन भवनहीन विद्यालयों के निर्माण की कोई योजना बना रही है? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री अजय भट्ट<br>03-09-2003 | 11. क्या शिक्षा मंत्री यह बतायेंगे कि 6 अगस्त, 1993 के बाद प्रधानाचार्यों के नियमितीकरण के कितने मामले प्रदेश में लम्बित हैं? इनके आज तक विनियमित न होने के क्या कारण हैं? क्या सरकार इन प्रधानाचार्यों को विनियमित करने जा रही है? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री अजय भट्ट<br>03-09-2003 | 12. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि सरकारी विद्यालयों में अध्यापकों की अवकाश प्राप्त करने की उम्र 60 वर्ष है? क्या यह भी सत्य है कि यदि कोई अशासकीय विद्यालय का अध्यापक 60 वर्ष तक नौकरी करने का विकल्प दे तो ग्रेच्यूटी देय नहीं है? यदि हाँ तो ऐसे भेदभाव का क्या कारण है? क्या सरकार शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के अध्यापकों के अवकाश प्राप्ति के लाभों एवं नियमों में एकरूपता लाने जा रही है? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री काशी सिंह ऐरी<br>03-09-2003 | 13. क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में रा0इ0का0 चौरपाल कब उच्चीकृत हुआ और इसके भवन निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रकरण कब से लम्बित है? जिला विद्यालय निरीक्षक पिथौरागढ़ द्वारा इस सम्बन्ध में शिक्षा निदेशक, उत्तरांचल को अब तक कब-कब और कितने अनुस्मारक भेजे गये? उक्त वन भूमि हस्तान्तरण में हुये विलम्ब के क्या कारण रहे हैं और इसके लिए कौन दोषी है तथा कब तक भूमि हस्तान्तरण एवं भवन निर्माण पूरा हो जायेगा? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>03-09-2003 | 14. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने जू0 हा0 हाई स्कूल एवं कितने बेसिक पाठशालाऐं भवन विहीन हैं? क्या सरकार इन विद्यालयों के भवन निर्माण का कार्य करवायेगी? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री अनिल नौटियाल<br>03-09-2003 | 15. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में इस वित्तीय वर्ष में सरकार कितने प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट कालेज खोलने का विचार कर रही हैं? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री अनिल नौटियाल<br>03-09-2003 | 16. क्या शिक्षा मंत्री भिज्ञ हैं कि जनपद चमोली के गौचर नामक स्थान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हैं? क्या यह संस्थान भवन विहीन है तथा टूटे-फूटे भवनों पर संचालित हो रहा है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इस संस्थान हेतु भूमि अधिग्रहण की समस्त प्रक्रिया पूरी हो चुकी है? यदि हाँ तो कब तक उक्त हेतु भवन निर्माण प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रकाश पन्त<br>04-09-2003 | 17. क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में प्राथमिक विद्यालयों में कितने विद्यालय शिक्षक विहीन तथा एकल शिक्षक के विद्यालय हैं? क्या सरकार निर्धारित मानकों के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रकाश पन्त<br>04-09-2003 | 18. क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगें कि जनपद पिथौरागढ़ में बेसिक शिक्षा में अध्यापकों के स्थानान्तरण के वार्षिक प्रबन्ध में व्यापक अनियमितता किये जाने की शिकायतों के आधार पर 30 जून, 2003 को किये गये वार्षिक प्रबन्ध को निरस्त कर दिया गया था? यदि हाँ तो सरकार द्वारा अनियमितता किये जाने वाले अधिकारियों पर कोई कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| काजी निजामुद्दीन<br>04-09-2003 | 19. क्या उद्यान मंत्री बतायेगें कि राज्य में कितनी हेक्टेयर भूमि में चाय की खेती की जा रही है? क्या सरकार ने चाय का उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई कार्य योजना बनाई है? यदि हाँ तो योजना का स्वरूप क्या है? | उद्यान |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>04-09-2003 | 20. क्या शिक्षा मंत्री को जानकारी है कि प्रान्तीयकृत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की अशासकीय स्तर की सेवाओं का लाभ, प्रोन्नत, वेतनमान, आंगणित नहीं किया जा रहा है? क्या सरकार शिक्षकों की भाँति शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी यह लाभ दिये जाने का विचार करेंगी? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>04-09-2003<br>डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>25-09-2003 | 21. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षक अभिभावक संघ (पी.टी.ए.) द्वारा शिक्षण कार्य हेतु अध्यापक रखे गये हैं? यदि हाँ तो कितने विद्यालयों में तथा कब से? क्या सरकार इनको नियमित करने की योजना बना रही है? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>04-09-2003 | 22. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में शिक्षा बन्धु व शिक्षा-मित्र, विजिटिंग फैकल्टी प्रवक्ता नाम के पदों पर शिक्षक कार्यरत हैं? यदि हाँ तो सरकार की उक्त शिक्षकों की सेवा शर्तों के सम्बन्ध में क्या योजना है? | शिक्षा |
| श्री प्रकाश पन्त<br>05-09-2003 | 23. क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि विधान सभा क्षेत्र पिथौरागढ़ में स्थित राजकीय इन्टर कालेज तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्यों के पदों में रिक्तियाँ चली आ रही हैं?यदि हाँ तो क्या सभी विद्यालयों के रिक्त प्रधानाचार्यों के पदों में सेवायोजन शैक्षणिक सत्र 2003-04 में कर लिया जायेगा? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रकाश पन्त<br>06-09-2003 | 24. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के राजकीय आदर्श विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापकों को एल.टी.वेतन कम में पदोन्नति प्रदान की गयी है? यदि हाँ तो क्या उक्त विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापकों को पदोन्नति से वंचित रखा गया है? यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की पदोन्नति पर विचार कर रही है?यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री तसलीम अहमद<br>08-09-2003 | 25. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनपद हरिद्वार के ब्लाक लक्सर की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर व ब्लाक बहादराबाद की ग्राम पंचायत मौ0पुर कुन्हारी जो कि संयुक्त रूप से मिली ग्राम पंचायत है को मिलाकर 'सुल्तानपुर कुन्हारी' के नाम से नगर पंचायत बनाने का विचार करेगी? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | प्रथम मंगल के अता.प्र. 125 में स्था. |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>09-09-2003 | 26. क्या उद्यान मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जसपुर विधान सभा क्षेत्र में आमों के उद्यानों की बहुतायत को देखते हुए क्या सरकार आम के निर्यातकों को प्रोत्साहन देने के लिए उक्त क्षेत्र को मैंगो एक्सपोर्ट जोन बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>09-09-2003 | 27. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मान्यता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रान्तीयकरण के क्या मानक हैं? क्या जनपद पिथौरागढ में जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेखधार के प्रान्तीयकरण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक इस पर निर्णय ले लिया जाएगा? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मालचन्द<br>11-09-2003 | 28. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राजकीय इन्टर कालेज राजगढी (उत्तरकाशी) वर्ष 1975 में खुला था तथा 27 वर्ष बाद भी आज तक इस विद्यालय का भवन निर्माण स्वीकृत नहीं किया गया? क्या सरकार इस विद्यालय भवन का निर्माण करवायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>11-09-2003 | 29. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल में पैक्सफैड द्वारा निर्माणाधीन प्रा0 विद्यालय/जू0 हा0 स्कूल भवनों का कार्य कितने वर्षों से लम्बित हैं? यदि हॉ, तो क्या सरकार उत्तर प्रदेश की निर्माण एजेन्सी पैक्सफैड के विरूद्ध कोई प्रभावी कार्यवाही करेगी?यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>11.09.2003 | 30. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार बेमौसमी सब्जी खरीद एवं भंडारण के लिए कोई कार्य योजना बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हॉ, तो क्या सरकार उक्त योजना का प्रारूप सदन के पटल पर रखेगी? | उद्यान |
| काजी निजामुद्दीन<br>11.09.2003 | 31. क्या खेलकूद मंत्री बतायेंगे कि राज्य में हॉकी के कितने मैदानों पर 'एस्ट्रो-ट्रफ' लगी है? क्या सरकार की जनपद हरिद्वार में हॉकी के किसी मैदान पर 'एस्ट्रो-ट्रफ' लगवाने की कोई योजना है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | खेलकूद |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>15.09.2003 | 32. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में वर्ष 2001-2002 में किसानों को कितने फलदार वृक्षों के पौधे एवं कितनी खाद निःशुल्क वितरित की गई है? | उद्यान |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>15.09.2003 | 33. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में इस वित्तीय वर्ष में,उच्चीकृत राजकीय इण्टर कॉलेजों में अध्यापकों के पद सृजन की स्वीकृति कब तक मिल जायेगी? क्या सरकार विद्यार्थियों के हित में अविलम्ब पद सृजन की कार्यवाही करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>15.09.2003 | 34. क्या शिक्षा मंत्री की जानकारी में है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड भिलंगना में प्रा0 विद्यालय-जखाणा के भवन का निर्माण पैक्सफैड द्वारा कराया गया है? क्या विद्यालय भवन का निर्माण पूर्ण कर दिया है? यदि नहीं, तो क्या सरकार भवन निर्माण पूर्ण कराने के लिए कोई प्रभावी कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.09.2003 | 35. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि सी.पी.एड. अभ्यर्थियों की नियुक्ति परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के पदों पर जनपदों में अप्रशिक्षित वेतनमान पर की गई थी? क्या यह सही है कि जनपद पौड़ी व चमोली में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रशिक्षित वेतनमान का भुगतान किया जा रहा है? क्या इसी समानता पर जनपद उत्तरकाशी व टिहरी के अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित वेतनमान का भुगतान किया जायेगा? यदि हॉ, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.09.2003 | 36. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय पत्राचार संस्थान कानपुर से बी.एड. पत्राचार माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को विशिष्ट बी.टी.सी. प्रवेश साक्षात्कार में सम्मिलित करने के आदेश जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्यों को निर्गत किये जा चुके हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.09.2003 | 37. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के राजकीय इण्टर कॉलेज बनचौरा में प्रधानाचार्य का पद कब से रिक्त है? उक्त पद पर पूर्णकालिक प्रधानाचार्य की तैनाती कब तक कर ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>17.09.2003 | 38. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में कुल कितने राजकीय इण्टर कॉलेजों में प्रधानाचार्यों के पद रिक्त चल रहे हैं? क्या सरकार इन कॉलेजों में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>17.09.2003 | 39. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के घमातोली में स्टेडियम निर्माण हेतु पूर्ववर्ती सरकार के पर्यटन मंत्री द्वारा शिलान्यास किया गया था? यदि हाँ, तो उक्त स्टेडियम के निर्माण में विलम्ब के क्या कारण हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त स्टेडियम निर्माण की कार्यवाही कब तक पूर्ण हो जायेगी? | खेल |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>18.09.2003 | 40. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में कुल कितने अशासकीय हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट कॉलेज हैं? इन विद्यालयों में कब से रिक्त पदों पर नियुक्तियाँ नहीं हुई हैं? क्या सरकार रिक्त पदों पर नियुक्तियाँ किये जाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>18.09.2003 | 41. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल में वर्ष 2001 को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-कुम्भशिला का इण्टर स्तर तक उच्चीकरण किया गया था? यदि हाँ, तो क्या उक्त विद्यालय इण्टर स्तर तक संचालित हो रहा है? यदि हाँ, तो कब से? | शिक्षा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>18.09.2003 | 42. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड- भिलंगना में प्राथमिक विद्यालय- भेटी हिन्दाव का भवन भूकम्प से क्षतिग्रस्त है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा कक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन हेतु कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है? क्या विद्यालय के भवन निर्माण हेतु प्रस्तावित धनराशि इसी वित्तीय वर्ष में अवमुक्त करा दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>19.09.2003 | 43. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि घनसाली विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत एक मात्र बालिका हाई-स्कूल-बहेड़ा संचालित है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस वर्ष उक्त विद्यालय का उच्चीकरण करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>19.09.2003 | 44. क्या उद्यान मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में विकास खण्ड-भिलंगना के विकास हेतु शासन स्तर पर प्रस्तुत समन्वित विकास योजना को लागू किया जा रहा है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>19.09.2003 | 45. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड-भिलंगना में स्थित जूनियर हाईस्कूल-रगड़ी का उच्चीकरण किये जाने का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त विद्यालय का उच्चीकरण कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>16.09.2003<br>विशेषज्ञों का मानदेय का | 46. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के किन इण्टर कॉलेजों में कक्षा 11 व 12 में व्यवसायिक शिक्षा योजना के अन्तर्गत नियुक्त अतिथि विषय भुगतान कब से नहीं किया गया है? क्या सरकार उत्तरांचल गठन के पश्चात व्यवसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम को इन विद्यालयों में बन्द कर रही है? यदि नहीं, तो कार्यरत विषय विशेषज्ञों के मानदेय भुगतान के संबंध में सरकार ने क्या प्राविधान किया है? | शिक्षा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>16.09.2003 | 47. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में विधान सभा क्षेत्र घनसाली के रा0उ0मा0 विद्यालय-पटागली एवं कोट बिशन को उच्चीकृत किये जाने का कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक इस पर निर्णय हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23.09.2003 | 48. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पदोन्नत प्रधानाचार्यों को विभिन्न राजकीय इण्टर कॉलेजों में रिक्त प्रधानाचार्यों के पदों पर नियुक्त किया गया है? यदि हाँ, तो जनपद उत्तरकाशी के राजकीय इण्टर कॉलेज बनचौरा, कोटधार (दशगी), श्रीकोट, जोगथ में रिक्त प्रधानाचार्य के पदों को न भरने के क्या कारण हैं? उक्त कॉलेजों में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति कब तक कर ली जायेगी? | शिक्षा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>23.09.2003 | 49. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि चालू वर्ष में उत्तरांचल में कितने जूनियर हाईस्कूल एवं हाईस्कूलों के उच्चीकरण के प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं? कब तक इन विद्यालयों का उच्चीकरण किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>23.09.2003 | 50. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मौन पालन को रोज़गारपरक बनाने के लिए सरकार द्वारा कोई नीति बनायी गई है? यदि हाँ, तो क्या सरकार नीति की प्रति सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>24.09.2003 | 51. क्या पंचायत राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्षेत्र पंचायतों में कार्य संचालन संबंधी विभिन्न समितियों में क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अतिरिक्त ग्राम प्रधान भी सदस्य होते हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायती राज |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>24.09.2003 | 52. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में कक्षा एक से कक्षा आठ तक की पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं? यदि हाँ, तो इस अनुपलब्धता का क्या कारण है? क्या सरकार छात्र हित में पाठ्य पुस्तकों को उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>24.09.2003 | 53. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने राजकीय रेशम उद्यान हैं तथा कितने रेशम उद्यान (फार्म) घाटे में चल रहे हैं? क्या मंत्री जी को यह भी जानकारी है कि जनपद रूद्रप्रयाग में ग्राम सभा धारकोट दरज्यूला तल्ला नागपुर में स्थित रेशम फार्म घाटे में चल रहा है? यदि हाँ, तो सरकार इन घाटे में चल रहे रेशम फार्मों के बारे में क्या योजना बनाने जा रही है? | उद्यान |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>25.09.2003 | 54. क्या शिक्षा मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार अशासकीय विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने की कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक इन रिक्त पदों पर नियुक्तियाँ कर दी जायेंगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26.09.2003 | 55. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में जूनियर हाईस्कूलों की 'अ' श्रेणी की मान्यता संबंधी कोई समिति गठित है? यदि हाँ, तो क्या उसकी प्रत्येक वर्ष बैठक होती है? क्या यह सत्य है कि उक्त समिति की वर्ष 2000 से कोई बैठक नहीं हुई है? क्या सरकार उक्त समिति की बैठक करवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री कैलाश शर्मा<br>26.09.2003<br>श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27.09.2003 | 56. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार पंचम वेतन आयोग द्वारा की गई सिफारिशों का लाभ उत्तरांचल में वर्ष 2001 में सेवानिवृत्त हुए बेसिक शिक्षकों को भी देने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.09.2003 | 57. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों व कर्मचारियों को पंचम वेतनमान का लाभ दिया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.09.2003 | 58. क्या पंचायत राज मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजनान्तर्गत जिला पंचायत उत्तरकाशी से विकास खण्ड डुण्डा अन्तर्गत पट्टी भण्डारस्यूँ के ग्राम बड़ेथ में सिंचाई गूल योजना स्वीकृत थी? क्या यह सत्य है कि जिला पंचायत उत्तरकाशी के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा धन लेकर उक्त स्वीकृत योजना को पट्टी गाजणा के बड़ेथगाँव में स्थानांतरित कर कार्य करवाया गया? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त की जाँच कर दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | प्रथम मंगल के अता.प्र. 123 में स्था. |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.09.2003 | 59. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने संस्कृत विद्यालय हैं? क्या यह सत्य है कि इन विद्यालयों में आधे से अधिक अध्यापकों के पद रिक्त हैं? यदि हाँ, तो रिक्त पदों को कब तक भर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.09.2003 | 60. क्या उद्यान मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय उद्यान रैथल भटवाड़ी उत्तरकाशी को विकसित किये जाने की योजना पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>30.09.2003 | 61. क्या खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में खादी ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार क्या कदम उठाने जा रही है तथा वर्तमान में सरकार द्वारा उद्यमियों को खादी एवं ग्रामोद्योग लगाने हेतु क्या-क्या सुविधायें मुहैया करायी जा रही हैं? | ग्रामोद्योग |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>30.09.2003 | 62. क्या पंचायती राज मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के परिसीमन के पश्चात् जनपद चमोली की कितनी ग्राम सभाओं को समाप्त कर दिया है? यदि हाँ, तो उसका आधार क्या है? | पंचायती राज |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>30.09.2003 | 63. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी में स्थित अशासकीय मान्यता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवाई को सवित्त मान्यता देने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो प्रस्ताव पर कब तक निर्णय ले लिया जाएगा? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>30.09.2003 | 64. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी के आली कण्डाई जूनियर हाईस्कूल के उच्चीकरण का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त विद्यालय का उच्चीकरण कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>30.09.2003 | 65. क्या शिक्षा मंत्री को ज्ञात है कि उत्तरांचल में लगभग आठ हजार शिक्षकों के पद प्राथमिक पाठशालाओं में रिक्त हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार विशिष्ट बी0टी0सी0 के पद ढाई हजार से बढ़ाकर सात हजार करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>01.10.2003 | 66. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के कर्णप्रयाग विकासखण्ड में स्थित लंगासू इण्टर कालेज में विज्ञान संकाय खोलने का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक इस पर निर्णय हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>01.10.2003 | 67. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 1995-96 में बी.एड. एल.टी. के जिन अभ्यर्थियों को प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्ति प्रदान की गयी थी, क्या सरकार उन्हें एल.टी. में समायोजित करने पर विचार कर रही है ? यदि हाँ, तो कब तक निर्णय ले लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>01.10.2003 | 68. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में कुल कितने कमोत्तर विद्यालय कब से चल रहे हैं? क्या सरकार इन कमोत्तर विद्यालयों को जूनियर हाईस्कूल का दर्जा देने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>01.10.2003 | 69. क्या शिक्षा मंत्री को ज्ञात है कि प्राइमरी पाठशाला वास्ती पो0 सनगाड़ तहसील कपकोट जनपद-बागेश्वर से रणजीत सिंह प्रधानाध्यापक पद से 31 जुलाई, 1978 को सेवानिवृत्त हुए थे तथा 16 फरवरी, 1979 को उनकी मृत्यु हो गई थी? यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा उनके सेवाकाल का अवशेष भुगतान व उनकी धर्मपत्नी को पेंशन भुगतान किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>01.10.2003 | 70. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय हाईस्कूल बन्तोली विकास खण्ड गरुड़-बैजनाथ जनपद बागेश्वर का उच्चीकरण करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>03.10.2003 | 71. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड घाट के पगना जूनियर हाईस्कूल के उच्चीकरण का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त प्रस्ताव पर निर्णय ले लिया जायेगा? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>03.10.2003 | 72. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सर्व शिक्षा के तहत जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट, कर्णप्रयाग एवं पोखरी में किन-किन विद्यालयों का चयन किया गया हैं? क्या सर्व शिक्षा के तहत नये प्राथमिक विद्यालयों का भी प्रावधान हैं? यदि हाँ, तो ऐसे विद्यालय उक्त विकास खण्डों में कहाँ-कहाँ खोले जाने का प्रस्ताव हैं? | शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>11.09.2003 | 73. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले कितने परिवार बी0पी0एल0 कार्ड बनने से वंचित रह गये हैं? क्या ऐसे परिवारों को सरकार बी0पी0एल0 कार्ड की सुविधा देगी? यदि हाँ, तो कब तक? | प्रथम सोम के अता.प्र. 104 में स्था. |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.09.2003 | 74. क्या खाद्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में कुल कितने खाद्य निरीक्षक के पद स्वीकृत हैं तथा उनमें से कितने पदों पर तैनाती नहीं की गई है? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि वर्ष 2002-2003 में जनपद में कुल कितने व्यापारियों के खाद्य सामग्रियों के नमूने लिए गये? कितने व्यापारियों को मिलावट के लिए दोषी पाया गया? कितने व्यापारियों के विरूद्ध मुकदमें पंजीकृत/अभियोग दर्ज किये गये तथा कितने व्यापारियों को न्यायालय द्वारा सजा दी गयी? | प्रथम सोम के अता.प्र. 105 में स्था. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>19.09.2003 | 75. | क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से उपभोक्ताओं को गेहूँ चावल एवं चीनी कितनी मात्रा में दी जाती है? क्या यह सत्य है कि मैदानी क्षेत्रों एवं पर्वतीय क्षेत्र के जिलों में खाद्यान्न की मात्रा एक समान नहीं है? यदि हाँ, तो क्यों? | प्रथम सोम के अता.प्र. 106 में स्था. |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>08.10.2003 | 76. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि रा0इ0का0 थल पिथौरागढ़ का एक मंजिला भवन अत्यंत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है? यदि हाँ, तो क्या सरकार छात्र हित में अविलम्ब उक्त भवन की मरम्मत हेतु धन उपलब्ध करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>07.10.2003 | 77. | क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार जनपद चमोली, जो कि देश-विदेश के सैलानियों के लिए एक पर्यटन केन्द्र भी है, को यात्रा के दौरान बढ़ती हुई जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए इस क्षेत्र में मिट्टी तेल का आवंटन बढ़ाये जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कितना? यदि नहीं, तो क्यों? | प्रथम सोम के अता.प्र. 107 में स्था. |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09.10.2003 | 78. | क्या उद्यान मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में आलू विकास एवं शाक भाजी कार्यालय स्यानाचट्टी नौगाँव में अवस्थित था? यदि हाँ, तो उक्त कार्यालय का मुख्यालय स्थानांतरित किये जाने का क्या औचित्य है? क्या उक्त कार्यालय को स्यानाचट्टी नौगाँव में खोला जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09.10.2003 | 79. | क्या उद्यान मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उद्यान विभाग का निदेशक किसी आई0 एफ0 एस0 को बनाया गया है? यदि हाँ, तो पूर्व की भाँति क्या किसी उद्यान विशेषज्ञ को उद्यान निदेशक बनाया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| श्री प्रकाश पंत<br>09.10.2003 | 80. | क्या शिक्षा मंत्री को जानकारी है कि अगस्त, 2003 में मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी गढ़वाल द्वारा किये गये एल.टी. शिक्षकों की नियुक्ति प्रकिया में अनियमितताओं की शिकायतों को लेकर डी.पी.एड./बी.पी.एड. प्रशिक्षित बेरोज़गार महासंघ आन्दोलनरत है? यदि हाँ, तो उनकी मांगें क्या हैं? क्या सरकार उनकी मांगों पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | शिक्षा |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>09.10.2003 | 81. | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त** | |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>13.10.2003 | 82. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार फलोद्योग लगाने के लिए कोई नीति बनाने जा रही है? | उद्यान |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>14.10.2003 | 83. क्या शिक्षा मंत्री को जानकारी है कि उत्तर प्रदेश के शासनादेश संख्या-14/8/86 नियुक्ति दिनांक 29 अगस्त, 1986 में रोहतक के बी.एड. धारक अभ्यर्थी भी प्रदेश में बी.एड./एल.टी. हेतु आवेदन कर सकते हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>15.10.2003 | 84. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कार्यरत शिक्षा मित्रों का कितनी अवधि का मानदेय भुगतान हो चुका है और किस अवधि से मानदेय का भुगतान बाकी है? बकाया राशि का भुगतान कब तक कर दिया जायेगा? | शिक्षा |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>16.10.2003 | 85. क्या उद्यान मंत्री के संज्ञान में है कि प्रदेश स्तर पर भेषज संघ को समाप्त कर जड़ी-बूटी संग्रहण एवं विपणन का कार्य उत्तरांचल वन विकास निगम को दिया जा रहा है? क्या यह सत्य है कि भेषज संघ द्वारा विभाग को निरन्तर राजस्व की प्राप्ति कराई जाती है तथा अपने वेतन-भत्ते आदि का जड़ी-बूटी व्यवसाय से स्वयं वहन किया जाता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार भेषज संघ में कार्यरत कर्मचारियों का संविलियन सरकारी सेवाओं में करेगी? | प्रथम बुध के अता.प्र. 62 में स्था. |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>16.10.2003 | 86. क्या शिक्षा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि रा0इ0 कॉलेज नन्दप्रयाग चमोली को वित्तीय वर्ष 2003-04 में भवन निर्माण हेतु धनराशि निर्गत की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.10.2003 | 87. क्या खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में युवा कल्याण नीति बनाने की सरकार की कोई योजना है? यदि हाँ, तो युवा कल्याण नीति कब तक घोषित कर ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | खेलकूद |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28.10.2003 | 88. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में फलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में फल पट्टियाँ विकसित करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो इस पर कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23.10.2003 | 89. क्या खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा पर्वतीय, सीमान्त व कमज़ोर वर्ग हेतु क्या कार्ययोजना बनायी गयी है? विगत दो वर्षों में कितने उद्यमियों व संस्थाओं को जनपदवार वित्तपोषित किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | खादी एवं ग्रामोद्योग |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23.10.2003 | 90. क्या खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा चलायी जा रही सभी इकाइयाँ लगभग बन्द हो चुकी हैं? जिस कारण भेड़पालकों कत्तिनों व बुनकरों के रोजगार छिन गये हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार खादी ग्रामोद्योग के मृत पड़े केन्द्रों को पुनर्जीवित करने हेतु कोई योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | खादी एवं ग्रामोद्योग |
| डा० नारायण सिंह जंतवाल<br>23.10.2003 | 91. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विद्यालयों में कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु शिक्षकों को केवल 15 दिन का प्रशिक्षण प्राप्त करने पर "मास्टर ट्रेनर" नियुक्त किया जा रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण विद्यार्थियों को समुचित कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान कर देगी? यदि नहीं, तो क्या सरकार पूर्ण-कालिक कम्प्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति करने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक उक्त नियुक्तियाँ कर ली जायेंगी? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>24.10.2003 | 92. क्या शिक्षा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी स्थित प्राथमिक विद्यालय ब्राहमण थाला वर्ष 1999 में आये भूकम्प के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था? यदि हाँ, तो क्या सरकार ने इस विद्यालय के पुनर्निर्माण के लिए कोई धनराशि अवमुक्त की है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| डा० नारायण सिंह जंतवाल<br>29.10.2003 | 93. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के स्पोर्टस हॉस्टलों में प्रवेश का क्या आधार है? उपरोक्त आधार पर हमारे प्रदेश के कितने प्रतिशत छात्र-छात्राएँ इन हॉस्टलों में है? क्या सरकार इस प्रतिशत को बढ़ाने पर विचार करेगी? | खेल |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>03.11.2003 | 94. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के कितने जनपदों में जिला पंचायत राज अधिकारी के पद खाली पड़े हैं? इन पदों को भरने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है? | पंचायती राज |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>04.11.2003 | 95. क्या शिक्षा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि व्यायाम शिक्षक (एल.टी.) की नियुक्ति में हुई कथित अनियमितताओं की जाँच अपर सचिव शिक्षा को सौंपी गयी थी? यदि हाँ, तो क्या अपर सचिव ने अपनी जाँच रिपोर्ट शासन को सौंप दी है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उस जाँच रिपोर्ट की प्रति सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
